भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 981**
05 फरवरी, 2026 को उत्तर देने के लिए

**टमाटर का उत्पादन**

**981. श्री जी. लक्ष्मीनारायणः**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान टमाटर की खेती का क्षेत्रफल, कुल उत्पादन और औसत उपज राज्य-वार कितनी रही है;
(ख) भंडारण, परिवहन और प्रसंस्करण सुविधाओं के अपर्याप्त होने के कारण टमाटर की फसल-पश्चात् हुए नुकसान का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) टमाटर की मौजूदा प्रसंस्करण क्षमता कितनी है, प्रसंस्करण इकाइयों की संख्या कितनी है और टमाटर के कुल उत्पादन का राज्य-वार अनुपात क्या है;
(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान टमाटर प्रसंस्करण इकाइयों के लिए राज्य-वार और वर्ष-वार कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, कितने स्वीकृत हुए हैं और कितने प्रचालित किए गए हैं और स्वीकृति के समय अभीष्ट प्रसंस्करण क्षमता कितनी थी और वर्तमान प्रचालन क्षमता कितनी है; और
(ङ) लंबित प्रस्तावों की संख्या सहित प्रस्ताव लंबित रहने के कारणों तथा आबंटित, जारी और उपयोग की गई निधि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है और कीमतों को स्थिर करने और किसानों द्वारा मजबूरन बिक्री को रोकने के लिए स्वीकृति में तेजी लाने और प्रसंस्करण क्षमता का विस्तार करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क):** पिछले पाँच वर्षों के दौरान टमाटर की खेती के क्षेत्र, कुल उत्पादन और औसत उपज के राज्य-वार आंकड़ें **अनुबंध-I** में दिया गया है।

**(ख):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) द्वारा (नेब्कोंस), अर्थात् नाबार्ड कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से कराए गए नवीनतम अध्ययन के अनुसार "भारत में कृषि उत्पादों की फसलोत्तर हानि का निर्धारण करने हेतु अध्ययन" वर्ष 2022, संदर्भ वर्ष 2020-22 के साथ, जिसमें टमाटर फसल के लिए आंकड़ें पाँच राज्यों से एकत्र किया गया था और विश्लेषण के आधार पर, टमाटर की फसलोत्तर हानि का समग्र अनुमानित प्रतिशत इस प्रकार है:

| **राज्य** | **अनुमानित प्रतिशत हानि (%)** |
|---|---|
| | |
| **आंध्र प्रदेश** | 12.36 |
| **गुजरात** | 10.97 |
| **कर्नाटक** | 9.97 |
| **मध्य प्रदेश** | 11.85 |
| **उड़ीसा** | 13.19 |

**(ग) से (ङ):** एमओएफपीआई केंद्रीय क्षेत्र की अम्ब्रेला योजना-प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) को कार्यान्वित्त करता है। पीएमकेएसवाई की घटक योजनाओं के अंतर्गत, एमओएफपीआई खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं की स्थापना के लिए अनुदान सहायता के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करता है, जिससे शीत शृंखला अवसंरचना सहित प्रसंस्करण और परिरक्षण दोनों अवसंरचना सुविधाएओं का सृजन होता है। घटक योजनाओं के अंतर्गत सृजित सुविधाएं कच्चे कृषि उत्पादों के परिरक्षण और प्रसंस्करण तथा कच्चे और तैयार प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के कुशल परिवहन में मदद करती हैं, जिससे फसलोत्तर हानि को कम किया जा सकता है। ये योजनाएं मांग आधारित हैं और निधि की उपलब्धता के आधार पर समय-समय पर अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जारी करके प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत, निधियों का आवंटन राज्य-वार/क्षेत्र-वार नहीं किया जाता है। मंत्रालय द्वारा प्रकाशित अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के जवाब में पीएमकेएसवाई के अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावों की परियोजना अनुमोदन समिति द्वारा पूर्व-निर्धारित मानदंडों के आधार पर जांच और अनुमोदन किया जाता है। अनुमोदित परियोजनाओं की निगरानी मंत्रालय द्वारा की जाती है और कुशल कार्यान्वयन के लिए समय-समय पर समीक्षा की जाती है। एमओएफपीआई द्वारा सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या, इन परियोजनाओं की प्रसंस्करण क्षमता, और पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्य-वार आवंटित किए गए निधियों का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

*****

**अनुबंध- I**

**दिनांक 05 फरवरी, 2026 को उत्तर के लिए ˝टमाटर के उत्पादन” के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 981 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**टमाटर फसल का राज्यवार क्षेत्रफल (ए), उत्पादन (पी) और उत्पादकता (वाई)**

क्षेत्रफल (ए) 000 हेक्टेयर में, उत्पादन (पी) 000 मीट्रिक टन में, उत्पादकता (वाई) = एमटी / हेक्टेयर में उत्पादन / क्षेत्र

| क्र. सं | राज्य/संघ राज्य | वर्ष 2020-21 | | | वर्ष 2021-22 | | | वर्ष 2022-23 | | | वर्ष 2023-24 | | | वर्ष 2024-25 (तीसरा अग्रिम अनुमान) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ए | पी | वाई | ए | पी | वाई | ए | पी | वाई | ए | पी | वाई | ए | पी | वाई |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 58.40 | 2450.67 | 41.96 | 57.27 | 2303.79 | 40.23 | 54.16 | 2337.66 | 43.16 | 54.18 | 2438.28 | 45.00 | 65.32 | 3242.29 | 49.64 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0.25 | 2.15 | 8.70 | 0.25 | 2.15 | 8.70 | 0.25 | 2.15 | 8.70 | 0.15 | 0.88 | 6.02 | 0.15 | 0.88 | 6.02 |
| 3 | असम | 18.70 | 428.49 | 22.91 | 18.79 | 430.83 | 22.93 | 18.85 | 432.40 | 22.94 | 17.49 | 422.08 | 24.14 | 19.34 | 468.89 | 24.24 |
| 4 | बिहार | 62.70 | 1161.79 | 18.53 | 53.00 | 1007.00 | 19.00 | 62.81 | 1166.87 | 18.58 | 63.20 | 1168.62 | 18.49 | 65.20 | 1212.72 | 18.60 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 61.17 | 1138.82 | 18.62 | 66.47 | 1232.45 | 18.54 | 56.40 | 856.11 | 15.18 | 61.87 | 1048.18 | 16.94 | 24.92 | 565.00 | 22.67 |
| 6 | गुजरात | 53.78 | 1585.86 | 29.49 | 67.75 | 1961.54 | 28.95 | 51.50 | 1444.38 | 28.05 | 66.57 | 1809.69 | 27.18 | 45.05 | 1223.00 | 27.15 |
| 7 | हरियाणा | 21.32 | 440.20 | 20.65 | 18.91 | 397.00 | 20.99 | 22.98 | 400.00 | 17.41 | 22.27 | 434.53 | 19.51 | 20.74 | 350.00 | 16.88 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 13.80 | 577.01 | 41.83 | 14.00 | 577.00 | 41.21 | 15.06 | 532.34 | 35.35 | 13.72 | 474.34 | 34.59 | 14.00 | 432.00 | 30.86 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 3.29 | 79.95 | 24.34 | 3.85 | 102.00 | 26.47 | 3.85 | 102.00 | 26.47 | 3.85 | 102.00 | 26.47 | 2.14 | 48.54 | 22.71 |
| 10 | झारखंड | 22.28 | 276.05 | 12.39 | 22.74 | 294.31 | 12.94 | 24.31 | 309.64 | 12.74 | 24.92 | 417.76 | 16.76 | 30.48 | 219.46 | 7.20 |
| 11 | कर्नाटक | 67.00 | 2077.00 | 31.00 | 70.10 | 2104.68 | 30.02 | 68.34 | 2198.04 | 32.16 | 62.43 | 2007.33 | 32.15 | 65.58 | 2234.58 | 34.07 |
| 12 | केरल | 0.44 | 7.22 | 16.32 | 0.35 | 2.52 | 7.19 | 0.51 | 4.37 | 8.64 | 0.38 | 3.35 | 8.89 | 0.34 | 3.02 | 8.96 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 103.77 | 3001.21 | 28.92 | 102.37 | 2760.16 | 26.96 | 113.77 | 3249.82 | 28.56 | 119.67 | 3498.26 | 29.23 | 129.55 | 3708.22 | 28.62 |
| 14 | महाराष्ट्र | 56.64 | 1189.83 | 21.01 | 63.47 | 1243.22 | 19.59 | 57.00 | 1111.42 | 19.50 | 55.23 | 1332.09 | 24.12 | 54.85 | 1096.30 | 19.99 |

| | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **15** | **मणिपुर** | 3.41 | 35.27 | 10.34 | 3.33 | 36.94 | 11.09 | 3.33 | 36.94 | 11.09 | 2.84 | 27.47 | 9.66 | 1.32 | 15.48 | 11.68 |
| **16** | **मेघालय** | 2.19 | 35.12 | 16.02 | 2.20 | 35.21 | 16.02 | 2.27 | 36.42 | 16.05 | 2.31 | 37.10 | 16.09 | 2.31 | 37.24 | 16.09 |
| **17** | **मिज़ोरम** | 2.75 | 26.89 | 9.78 | 2.80 | 27.13 | 9.69 | 2.80 | 27.13 | 9.69 | 3.16 | 27.49 | 8.70 | 3.16 | 27.49 | 8.70 |
| **18** | **नागालैंड** | 2.60 | 19.70 | 7.59 | 2.60 | 19.82 | 7.62 | 2.70 | 21.42 | 7.94 | 2.71 | 21.22 | 7.84 | 2.71 | 21.13 | 7.80 |
| **19** | **उड़ीसा** | 93.94 | 1432.05 | 15.25 | 75.10 | 1145.02 | 15.25 | 107.16 | 1609.09 | 15.02 | 98.13 | 1496.33 | 15.25 | 29.57 | 445.37 | 15.06 |
| **20** | **पंजाब** | 10.28 | 266.91 | 25.97 | 10.39 | 269.91 | 25.97 | 10.70 | 277.60 | 25.94 | 11.17 | 293.92 | 26.32 | 11.30 | 298.19 | 26.39 |
| **21** | **राजस्थान** | 20.50 | 232.86 | 11.36 | 20.14 | 238.39 | 11.84 | 20.62 | 255.99 | 12.41 | 20.47 | 260.75 | 12.74 | 20.14 | 323.44 | 16.06 |
| **22** | **सिक्कम** | 0.44 | 4.60 | 10.38 | 0.44 | 4.61 | 10.38 | 0.44 | 4.62 | 10.40 | 0.44 | 4.62 | 10.40 | 0.66 | 7.23 | 11.01 |
| **23** | **तमिलनाडु** | 44.92 | 1452.67 | 32.34 | 54.04 | 1623.17 | 30.04 | 41.53 | 1249.74 | 30.09 | 38.85 | 1169.23 | 30.10 | 38.12 | 1202.85 | 31.55 |
| **24** | **तेलंगाना** | 25.90 | 888.61 | 34.31 | 17.39 | 516.05 | 29.68 | 14.64 | 393.71 | 26.89 | 12.69 | 346.07 | 27.26 | 12.06 | 352.51 | 29.23 |
| **25** | **त्रिपुरा** | 1.85 | 57.85 | 31.20 | 2.09 | 66.68 | 31.92 | 2.24 | 67.86 | 30.35 | 2.11 | 64.13 | 30.36 | 2.10 | 61.61 | 29.35 |
| **26** | **उत्तर प्रदेश** | 22.60 | 902.38 | 39.93 | 22.79 | 909.35 | 39.90 | 23.41 | 920.14 | 39.31 | 23.50 | 940.12 | 40.01 | 25.47 | 1024.36 | 40.22 |
| **27** | **उत्तराखंड** | 9.42 | 110.68 | 11.75 | 9.42 | 110.68 | 11.75 | 6.01 | 71.46 | 11.89 | 8.74 | 91.59 | 10.48 | 3.97 | 49.68 | 12.51 |
| **28** | **पश्चिम बंगाल** | 59.24 | 1284.42 | 21.68 | 59.72 | 1258.77 | 21.08 | 60.20 | 1292.68 | 21.47 | 60.03 | 1369.67 | 22.82 | 45.72 | 783.78 | 17.14 |
| **29** | **अन्य** | 1.03 | 14.28 | 13.84 | 0.99 | 13.92 | 14.02 | 0.88 | 13.31 | 15.17 | 0.91 | 16.19 | 17.77 | 0.92 | 13.13 | 14.25 |
| **अखिल भारतीय कुल** | | **844.60** | **21180.51** | **25.08** | **842.75** | **20694.30** | **24.56** | **848.71** | **20425.32** | **24.07** | **853.99** | **21323.22** | **24.97** | **737.19** | **19468.36** | **26.41** |

अनुबंध -II

**दिनांक 05 फरवरी, 2026 को उत्तर हेतु ˝ टमाटर के उत्पादन" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 981 के भाग (ग) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**पीएमकेएसवाई के ऑपरेशन ग्रीन्स योजना के अंतर्गत टमाटर परियोजनाओं का विवरण**

| क्र .सं | आवेदक का नाम | समूह / जिला | राज्य | अनुमोदन पत्र की तिथि | अनुमोदित अनुदान (₹ करोड़) | जारी किया गया अनुदान (₹ करोड़) | प्रति वर्ष प्रसंस्करण क्षमता (एमटी) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण सोसायटी | चित्तूर | आंध्र प्रदेश | 20-03-2019 | 23.93 | 4.88 | 90,000 |
| 2. | वांगी फूड्स | आनंद, खेड़ा | गुजरात | 05-03-2020 | 4.38 | 4.38 | 9,600 |
| 3. | कारवां | चिक्कबल्लापुर | कर्नाटक | 21-11-2023 | 9.95 | 3.31 | 23,680 |

**खाद्य प्रसंस्करण और संरक्षण क्षमता (सीईएफपीपीसी) योजना के निर्माण / विस्तार के अंतर्गत टमाटर परियोजनाओं का विवरण**

| क्र .सं. | आवेदक का नाम | जिला | राज्य | अनुमोदन की तारीख | अनुमोदित अनुदान (रु. में) | जारी की गई राशि (रु. में) | प्रसंस्करण क्षमता पीए (एलएमटी) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स गो ग्रीन | सूरत | गुजरात | 23-12-2020 | 5.00 | 2.03 | 0.144 |
| 2. | फ्रुट एक्स | खरगोन | मध्य प्रदेश | 22-12-2020 | 5.00 | 5.00 | 0.19 |
| 3. | मेसर्स सह्याद्री फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (यूनिट- ) | नासिक | महाराष्ट्र | 21-07-2020 | 5.00 | 5.00 | 0.29 |
| 4. | मेसर्स गुडरिच एग्रो फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | अहमदनगर | महाराष्ट्र | 05-01-2023 | 5.00 | 2.50 | 0.2 |
| 5. | मेसर्स नेचर रिच फूड्स प्रा लिमिटेड | नागपुर | महाराष्ट्र | 05-01-2023 | 4.97 | 4.92 | 0.1065 |
| 6. | मेसर्स हॉर्टसमलाबारिकस हर्ब्स एलएलपी | पलक्कड़ | केरल | 29-02-2024 | 2.13 | 1.06 | 0.016 |
| 7. | मेसर्स मार्वल्स फूड प्रोडक्ट्स | सतारा | महाराष्ट्र | 29-02-2024 | 2.00 | 0.00 | 0.0 |